**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 04.12.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **कल से शुरु हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर स्पीकर ने की सर्वदलीय बैठक, सत्र के सुचारु संचालन पर बनी सहमति।**

2. **केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिवसीय गहन जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ, कहा– इसे जन आंदोलन बनाने की जरुरत।**

3. **जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का परिणाम जारी करने के हाईकोर्ट के आदेश के बाद अभ्यर्थियों में जश्न, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– अगर इरादे नेक हों, तो हर काम हो जाता है बेहतर।**

4. **अहमदाबाद में खेले जा रहे सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, उत्तराखंड को 7 विकेट से हराकर दर्ज की लगातार पांचवीं जीत।**

****************

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा है। इस सिलसिले में स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने आज सभी राजनीतिक पार्टियों के विधायक दल के नेताओं और प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। बैठक के बाद स्पीकर ने मीडिया को बताया कि सभी दलों ने सत्र के सुचारु संचालन पर सहमति व्यक्त की।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर सत्तारुढ़ गठबंधन के घटक दलों के विधायकों की एक बैठक हुई। एटीआई भवन में आयोजित बैठक में सत्तापक्ष द्वारा सत्र को लेकर रणनीति तैयार की गयी। इधर, सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक 7 दिसंबर को होगी। इसमें सत्र के दौरान सरकार को घेरने की रणनीति तय की जायेगी।

****************

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि सरकार ने 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि समाज, समुदायों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से देश बाल विवाह मुक्त भारत बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

****************

हाईकोर्ट द्वारा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का परिणाम जारी करने के आदेश के बाद आज बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ढोल–नगाड़ों के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और खुशी का इजहार किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर इरादे नेक हों, तो हर काम बेहतर होता है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा इडी के कंप्लेन केस पर सिविल कोर्ट के सीजेएम द्वारा लिए गए संज्ञान को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इडी को निर्देश दिया कि वह इस मामले में अपना जवाब पेश करे। साथ ही हाईकोर्ट ने निचली अदालत को 12 दिसंबर को प्रस्तावित सुनवाई स्थगित रखने का निर्देश दिया।

****************

झारखंड शराब घोटाले मामले की जांच कर रहे एसीबी ने कमर्शियल टैक्स कमिश्नर और पूर्व उत्पाद आयुक्त आइएएस अधिकारी अधिकारी अमित कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया है। जांच एजेंसी ने उन्हें समन भेजकर कल पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा है। इस मामले में आइएएस अधिकारी मुकेश कुमार, मनोज कुमार, कर्ण सत्यार्थी और फैज अहमद मुमताज से भी पूछताछ की जा चुकी है।

****************

इधर, जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की साली प्रियंका त्रिवेदी से एसीबी ने आज पूछताछ की। एसीबी की एक टीम प्रियंका त्रिवेदी के घर पहुंची और उनका बयान दर्ज किया। है. इससे पहले 3 दिसंबर को एसीबी की टीम ने विनय चौबे की पत्नी से उनके आवास पर जाकर पूछताछ की थी। गौरतलब है कि एसीबी ने आईएएस अधिकारी विनय चौबे के खिलाफ एक और प्राथमिक दर्ज की है, जिसमें भ्रष्टाचार करने और इसके जरिये अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगाये गये हैं। इस प्राथमिकी में उनके रिश्तेदारों और दोस्त विनय सिंह समेत सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

****************

हज़ारीबाग़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदर और दारू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम चलाया। इस दौरान इन्होंने आम जनता और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

****************

धनबाद के बलियापुर अंचल स्थित बेलगड़िया टाउनशिप में नवनिर्मित टाउन आउट पोस्ट, टीओपी का उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि बेलगड़िया टाउनशिप को अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले विस्थापित लोगों के लिए पुनर्वास नीति के तहत विकसित किया जा रहा है।

****************

दुमका में  रविवार की रात आईजी और डीआईजी आवास के पास स्थित एक होटल को निशाना बनाकर अपराधियों द्वारा की गयी गोलीबारी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि इस मामले में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही बाकी अपराधी भी गिरफ्तार कर लिये जायेंगे।

****************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कल देवघर पहुंच रहे हैं। छह दिसंबर को वे देवघर में बने पार्टी के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

****************

मौसम विभाग रांची ने कल राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों के कहीं—कहीं शीतलहर चलने की संभावना व्यक्त की है।  मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कल दिन की शुरुआत कोहरा या धुंध से होगी। हालांकि बाद में आसमान साफ हो जायेगा।

****************

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम ग्राउंड—ए में खेले जा रहे सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड को 7 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तराखंड ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाए। झारखंड ने 16 ओवर एक बॉल में 3 विकेट खोकर 152 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। झारखंड के अनुकूल रॉय को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने गेंदबाजी में तीन विकेट चटकाये जबकि 16 नाबाद रन भी बनाये।

********समाप्त*********